दिल्ली परिवहन निगम
(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार)
राजभाषा विभाग (मुख्यालय)
इन्द्रप्रस्थ एस्टेटः नई दिल्ली–110002

संख्याः रा०भा०वि० / अनुवाद / 2026 / 30 दिनांकः 02.03.2026

**अनुवाद कार्य के लिए निविदा सूचना देने हेतु।**

दिल्ली परिवहन निगम अपनी सामग्री का अंग्रेजी से हिंदी / हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद करने के लिए प्रतिष्ठित अनुवाद फर्मों / एजेंसियों से निविदा अनुसूची में उल्लिखित निविदा नियमों / विनिर्देशों के अनुसार मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है।

| कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (रुपये) | ई.एम.डी. (रुपये) |
|---|---|---|
| अंग्रेजी से हिंदी / हिंदी से अंग्रेजी अनुवाद। | 1,30,000 / – | 2,000 / – |

**निविदा आमंत्रित करने की अंतिम तिथिः–** 16.03.2026 सायं 03 बजे तक
**निविदा खोलने की तिथिः–** 16.03.2026 सायं 03:30 बजे तक

सामान्य शर्तेः–

1. बोलीदाता प्रतिष्ठित, वित्तीय रूप से सदृढ़ तथा सरकारी / अर्ध सरकारी / संविधिक निकायों / स्वायत्त निकायों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यालयों में अनुवाद कार्य करने के क्षेत्र में अनुभवी होना चाहिए।
2. मालिक / फर्म / कंपनी / एजेंसी के विरूद्ध पुलिस या किसी अन्य सरकारी एजेंसी में कोई मुकदमा लंबित नहीं होना चाहिए।
3. बोलीदाता फर्म / एजेंसी प्रति शब्द अनुवाद के आधार पर अपनी कीमत स्पष्ट करेंगे जिसमें जीएसटी कीमत शामिल होगी।
4. बोली जमानत / बयाना जमा राशि (ई.एम.डी.) दिनांक **16.03.2026** तक नकद (दिल्ली परिवहन निगम, मुख्यालय रोकड़ विभाग में ), बैंकर चैक, पे ऑर्डर, डिमांड ड्राफ्ट अथवा **प्रबंध निदेशक, दिल्ली परिवहन निगम** के पक्ष में अनुसूचित बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में जमा की जा सकती है और रसीद बोली / उद्धरण के साथ जमा की जानी चाहिए।
5. बोलीदाता फर्म की श्रृंखला शाखा / कार्यालय दिल्ली में स्थित होना चाहिए।
6. कोई भी सामग्री / कार्य सौंपे जाने की तारीख से 15 दिवस के भीतर पूरा करना होगा।
7. निगम को पूर्ण अधिकार है कि वह निविदा दस्तावेज में उल्लिखित निबंध एवं शर्तों में से किसी को भी संशोधित / रद्द कर सकता है या कोई सूचना दिए बिना अथवा कोई कारण बताए बिना किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार कर सकता है। क्रेता का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
8. बोलीदाता फर्म / एजेंसी के पास अनुवादित की जाने वाली सामग्री को एक फाईल फॉर्मेट में निकालने और इसे दिल्ली परिवहन निगम की अपेक्षा के अनुसार उसी या भिन्न फाईल फॉर्मेटों में उपलब्ध कराने की क्षमता होनी चाहिए।

(कृ.पृ.उ.)

9. चयनित एजेंसी अपने परिसर में काम करेगी। दिल्ली परिवहन निगम अनुवाद कार्य के लिए कोई भी ऑफिस स्पेस, कम्प्यूटर, टेलीफोन, इंटरनेट आदि की व्यवस्था नहीं करेगा।

10. बोलीदाता फर्म/एजेंसी उपरोक्त नियम एवं शर्तों के अनुपालन हेतु फर्म/एजेंसी के शीर्ष पत्र पर एक शपथ–पत्र प्रस्तुत करेगी।

उप प्रबंधक (हिंदी)

उप प्रबंधक/प्रशिक्षक (हिंदी)
दिल्ली परिवहन निगम
(रा०रा० क्षेत्र, दिल्ली सरकार)
राजभाषा विभाग (मु०)
इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली-110002

प्रबंधक (निविदा विभाग), मु0

प्रतिलिपिः–

1. उप मुख्य महाप्रबंधक (हिंदी) को कृपया सूचना हेतु।
2. प्रबंधक (आई.टी.), मु0, दिल्ली परिवहन निगम की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. नोटिस बोर्ड, (मु0)
4. मास्टर फाईल।